प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय में कुलपति सचिवालय एवं सुशासन उत्प्रेरण केंद्र का उद्घाटन

पंतनगर। 25 दिसम्बर 2022। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आज सुशासन दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने विश्वविद्यालय में कुलपति सचिवालय एवं सुशासन उत्प्रेरण केंद्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण श्री आशीष भट्टगंई, वित्त नियंत्रक श्री धर्म सिंह बोनाल तथा विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक के साथ साथ में बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डा. आर.एस. जादौन, निदेशक सुशासन उत्प्रेरण केंद्र ने बताया कि सुशासन उत्प्रेरण केंद्र में तीन प्रमुख अंग पी0एम0ई0, ई–गवर्नेस, एवं ए0आर0पी0जी0 हैं। इस अवसर पर श्री धरम सिंह बोनाल, नियंत्रक ने कहा कि सुशासन उत्प्रेरण केंद्र का कार्य सकारात्मक का प्रवाह करना है। श्री आशीष भट्टगंई, निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस केन्द्र के मूल में कार्य में पारदर्शिता लाना तथा समय सीमा के भीतर कार्य संपन्न करना होना चाहिए। निदेशक सी0जी0जी0 द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय की डा. रितिका भट्ट द्वारा इस कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।

माननीय कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने अपने मुख्य अतिथि अभिभाषण से पूर्व भारत रत्न एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। अपने अभिभाषण में माननीय कुलपति जी द्वारा सुशासन दिवस एवं क्रिसमस डे की सभी को बधाई दी। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान समय में गुड गवर्नेंस अत्यंत आवश्यक है, इस हेतु कार्य प्रणाली में पारदर्शिता, विश्वास, अभियंत्रीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कार्यप्रणाली में गुणवत्ता वृद्धि की आवश्यकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सुशासन उत्प्रेरण केंद्र एवं कुलपति सचिवालय शीघ्र ही इस दिशा में कुछ सकारात्मक परिणाम प्रदर्शित करेगा। इस अवसर पर डा. सौरभ सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी आमंत्रित अतिथियों को धन्यवाद किया। उन्होंने कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं सपोर्ट स्टाफ को भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में किए गए योगदान हेतु धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय से डा. निर्देश कुमार सिंह एवं डा. स्नेहा दोहरे एवं डा रीतिका भटट् के साथ साथ कुलपति कार्यालय से श्री जी.एस. पटवाल, श्री ए.एस. फर्स्वान, श्री गंगा दत्त, सुशासन उत्प्रेरण केंद्र/कुलपति सचिवाल से डा. एस.के. गुरू, श्री चन्द्र शेखर एवं श्री विनोद जोशी, निदेशक प्रशासन कार्यालय से श्री के.के. मिश्रा, श्री संतोष, श्री हुसैन वेग, नियंत्रक कार्यालय से डा. जे.सी. बडोला, श्री आर.सी. वर्मा, श्री आर.एस. वर्मा आदि सम्मलित रहे।

AGRICULTURE & TECHNOLOGY, PANTNAGAR
Welcomes
Inauguration Ceremony
CENTRE FOR GOOD GOVERNANACE (CGG)
Dr. R.S. Jadaun
Dr. Kiran P. Raverkar

GOVIND BALLABH PANT UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY, PANTNAGAR
Welcomes
Inauguration Ceremony
CENTRE FOR GOOD GOVERNANACE (CGG)
सुशासन उत्प्रेरण केन्द्र
NATIONAL GOOD GOVERNANCE DAY
An idea of dynamic, seamless & integrated administration